दिन– शनिवार दिनांक– 18/01/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर विभिन्न हितधारकों से विमर्श के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति–जेपीसी ने पटना में वक्फ बोर्डों के प्रतिनिधियों और अन्य हितधाराकों के साथ विचार–विमर्श शुरू कर दिया है। समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि समिति वक्फ संपत्तियों, उनके प्रबंधन और विभिन्न अन्य मुद्दों के बारे में हितधारकों से चर्चा करेगी। उन्होंने बताया कि व्यापक विचार–विमर्श के लिए समिति, अल्पसंख्यक आयोग के प्रतिनिधियों, बार काउंसिल और वकीलों से भी मिलेगी। श्री पाल ने बताया कि समिति संसद के आगामी बजट सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ अठारहवीं कड़ी होगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर प्रसारित किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

———————————————————————————

प्रयागराज के महाकुंभ नगर में श्रद्धालु और तीर्थयात्री अब आकाशवाणी के कुंभवाणी समाचार बुलेटिन को सार्वजनिक संबोधन प्रणाली से लाइव सुन सकते हैं। आज सुबह साढ़े आठ बजे कुंभवाणी समाचार बुलेटिन महाकुंभ नगर में सार्वजनिक

संबोधन प्रणाली के माध्यम से प्रसारित किया गया। इस पहल से श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों को मेले से संबंधित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी मिलेगी। दस–दस मिनट का कुंभवाणी समाचार बुलेटिन सुबह साढे आठ बजे, दोपहर ढाई बजे और शाम साढे आठ बजे प्रसारित किया जा रहा है।

———————————————————————————

राजद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज पटना में हो रही है। लालू प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दल के सांगठनिक चुनाव पर मुख्य रूप से चर्चा की जा रही है। बैठक के एजेंडे में आगामी बिहार विधानसभा चुनाव और इंडी गठबंधन के विभिन्न दलों के साथ संयोजन का मुद्दा भी शामिल है। पार्टी की वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, तेजस्वी प्रसाद यादव, तेज प्रताप यादव, अब्दुल बारी सिद्दिकी समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद हैं।

———————————————————————————

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज पटना में राजद नेता तेजस्वी यादव से मुलाकात की। स्थानीय होटल में हुई इस मुलाकात के दौरान राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद भी मौजूद थे। इससे पहले राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस द्वारा बापू सभागार में आयोजित संविधान सुरक्षा सम्मेलन में शामिल होने के लिए पटना पहुंचे। जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया।

———————————————————————————

राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में बढ़ोतरी से जनजीवन प्रभावित हुआ है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान रोहतास का डेहरी प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा। यहां का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। इधर, राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–मध्य भागों में घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। हालांकि सुबह से ही पटना और आस–पास के इलाकों में धूप खिली होने के कारण दिन के तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। जिससे लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज से एक पश्चिमी विक्षोभ

के सक्रिय होने से सर्द पछुआ हवा का प्रवाह बढ़ेगा जिससे अगले दो दिनों के दौरान न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट की हो सकती है।

———————————————————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव ने आज विधानसभा की पत्रिका विधान प्रबोधनी का विमोचन किया। विधानसभा अध्यक्ष कक्ष में आयोजित अनावरण समारोह में कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

———————————————————————————

गोपालगंज में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत एडीएम आशीष सिन्हा ने जागरूकता रथ को रवाना किया। इसके माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों में नाटक और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया।

———————————————————————————

समाप्त